प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे0शि0प0/ 20770-20854 /2024–25 दिनांक 24-3-2025

विषय– उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 में कक्षा 1 से 8 तक वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के आधार पर छात्र छात्राओं को प्रगति पत्र वितरित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक बेसिक कार्यालय के पत्रांक शि0नि0बे0/58617–865/2024–25 दिनांक 27 फरवरी, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 में वार्षिक परीक्षा दिनांक 24 से 28 मार्च 2025 तक आयोजित करने एवं उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के उपरान्त छात्र छात्राओं को दिनांक 29 मार्च 2025 को रिपोर्ट कार्ड/अंकपत्र वितरण किये जाने के निर्देश दिये गये है।

1– महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के कार्यालय पत्रांक गुण0वि0/रिपोर्ट कार्ड/11036/2024–25 दिनांक 17.03.2025 द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के उपरान्त प्रगति पत्र प्रदान किये जाने हेतु मुद्रण हेतु प्रति छात्र रू0 2/– की दर से धनराशि जनपदों को उपलब्ध कराते हुए निम्नवत निर्देश दिये गये है–

I. शैक्षिक वर्ष 2024–25 में उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र/छात्राओं की वार्षिक परीक्षा के उपरान्त प्रगति पत्र/अंकपत्र के मुद्रण हेतु प्रति छात्र/छात्रा रू0 2/– की दर से धनराशि जनपदों को उपलब्ध करायी जा रही है।
II. यू–डायस 2022–23 के अनुसार प्रगति पत्र/अंकपत्र के मुद्रण हेतु धनराशि पत्र निर्गमन के दो दिवस के अंदर सभी ब्लॉक संसाधन केन्द्रों को प्रेषित कर दी जाये।
III. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 27 फरवरी, 2025 के क्रम में वार्षिक परीक्षा के उपरान्त निर्धारित तिथि को अभिभावकों को विद्यालय आमंत्रित कर बच्चों की प्रगति साझा करते हुए प्रगति पत्र/अंकपत्र छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को उपलब्ध कराया जायेगा।
IV. जनपदों को प्रेषित की जा रही धनराशि का आहरण–वितरण, खातों का रख–रखाव एवं व्यय प्रकिया सम्बन्धी समस्त कार्यवाही मैनुअल ऑन फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट एण्ड प्रोक्योरमेंट–2024 के प्राविधानों के अनुसार सुनिश्चित की जाये।
V. जनपद/विकास खण्ड स्तर पर अवमुक्त की जा रही धनराशि का उपभोग प्रबन्ध पोर्टल पर "Innovation Project (Recurring)" के अन्तर्गत "Holistic Report Card for Students (Elementary)" मद में भरा जायेगा।

2– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड स्तर पर प्रगति पत्र का मुद्रण एवं वितरण का कार्य खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा।

3– प्रगति पत्र मुद्रण हेतु प्रयुक्त कागज का आकार 30 सेमी0 × 21 सेमी0 जो कि फोल्ड करने पर उसकी चौड़ाई 15 सेमी0 × लम्बाई 21 सेमी0 होनी चाहिए।

4– मुद्रण में कागज न्यूनतम 300 GSM, IVORY CARD SHEET वर्जिन पल्प प्रयुक्त किया जायेगा।

5– प्रगति पत्र का मुद्रण काले स्याही से एक रंग में किया जायेगा।

6– मुद्रण हेतु प्रगति पत्र का नमूना उपलब्ध कराया जा रहा है।

7– बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 में कक्षा 1 से 8 तक में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के आधार पर छात्र छात्राओं को प्रगति पत्र को विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रत्येक कक्षा का विषयवार अंक अंकित कर परीक्षाफल घोषित किया जायेगा।

8– वार्षिक परीक्षाफल घोषित किये जाने के दिवस को विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। छात्र छात्राओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र एवं अभिभावक को दिखाया जायेगा तथा उसी समय प्रगति पत्र छात्र छात्राओं को दिया जायेगा।

9– कक्षा 1 से 8 तक के किसी भी छात्र की कक्षोन्नति नहीं रोकी जायेगी।

10– प्रगति पत्र का मुद्रण वित्तीय हस्त पुस्तिका में उल्लिखित नियमों का अनुपालन करते हुए कराया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार प्रगति पत्र मुद्रण कराते हुए समय से छात्र छात्राओं का परीक्षाफल घोषित करते हुए छात्र छात्राओं को प्रगति पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

पृ0सं0बे0शि0प0/ 20770–20854 /2024–25 तदिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित'–

1– प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2– सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–5, उ0प्र0 लखनऊ।
3– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4– परियोजना निदेशक, सभी के लिये शिक्षा परियोजना, निशातगंज लखनऊ।
5– समस्त जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला शिक्षा परियोजना समिति उत्तर प्रदेश।
6– शिक्षा निदेशक(बेसिक) उ0प्र0 लखनऊ।
7– वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
8– वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
9– समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक उ0प्र0।
10– समस्त सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा उ0प्र0।

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।